पुलिस ने हत्या के आरोपी को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

श्रावस्ती। मंगलवार को अज्ञात महिला का शव ग्राम बहादुरपुर व सहियापुर के खेतों मे हत्या कर फेंका गया था। इस संबंध में आरोपी को पुलिस टीम ने 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

मालूम हो कि अपराध की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय मय पुलिस फोर्स तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे वहां पर देखा कि एक महिला जिसकी गला दबाकर हत्या की गयी थी, गला दबाकर हत्या करने के उपरान्त शव को खेत मे फेक दिया गया था जिसकी पहचान नही हो पा रही थी जिसके उपरान्त काफी प्रयास करते हुए आस पास के लोगो के सहयोग से उक्त महिला की शिनाख्त करायी गयी। मृतका का नाम रूशा देवी पत्नी छोटकऊ उर्फ राजेश कुमार वर्मा नि0 बहादुर पुर थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती था। परिजनो को बुलाकर शिनाख्त करायी गयी तत्पश्चात मृतका के भाई की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। घटना उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली को निर्देश दिये गये थे।